जलकुंभी के कारण सफाई में जूझे कर्मी

फतेहपुर | हिन्दुस्तान संवाद

शहर का सबसे बड़ा नाला माने जाने वाला आईटीआई नाले की रविवार को पालिका की टीम सिल्ट सफाई कराई। नाले में तैर रही जलकुम्भी के चलते काम में लगे मजदूरों को खासी दिक्कत उठानी पड़ी। जेसीबी और मजदूरों ने रस्सा डालकर जलकुम्भी को बाहर खीचा तब जाकर सिल्ट निकाली जा सकी। माना जाता है कि इसी नाला से शहर के कई मोहल्ले का गंदा पानी निकलता है।

आने वाली बारिश से निपटने के लिए प्रतिवर्ष नगर पालिका प्रशासन नालों की सिल्ट सफाई कराता है। इस वर्ष भी नालों की सिल्ट सफाई हो रही है। 28 नालों की सिल्ट सफाई में करीब 80 लाख की धनराशि खपाई जा रही है। अभी तक 24 नालों की सिल्ट सफाई हो चुकी है। रविवार को नगर पालिका की टीम ने शहर के सबसे बड़े नाले की सिल्ट सफाई कराई। जहां से आधे शहर का पानी निकलता है। पालिका का दावा है कि सिल्ट सफाई का कार्य प्रगति पर है।

अधिकतर नालों की सिल्ट सफाई हो चुकी है। दो तीन नालो की सिल्ट सफाई शेष है वह भी हर हाल में पूरा हो जाएगा। हालाकि सिल्ट सफाई में स्थानीय लोगों द्वारा कई तरह के सवालिया निशान भी खड़े किए जा रहे हैं। पटल प्रभारी आबिद अली ने बताया कि 70 प्रतिशत से अधिक नालों की सिल्ट सफाई पूरी हो चुकी है।

नालों की सिल्ट सफाई बेहतर तरीके से कराई जा रही है। जिससे आने वाली बारिश में शहर के मुख्य मार्गों में जलभराव न हो।

शहर के आईटीआई रोड पर नाला की सफाई में जुटे कर्मी। • हिन्दुस्तान

नाले की सफाई

- शहर का अधिकांश पानी इसी नाला से है गुजरता
- पालिका ने जेसीबी व कर्मचारियों से हटवाई सिल्ट